विदेशी धरती पर दिखेगी यूपी की धार्मिक विरासत

लखनऊ, विशेष संवाददाता। पर्यटन विभाग विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से दुनिया भर में मार्ट व एक्सपो के माध्यम से राज्य पर्यटन का प्रचार करेगा। विभाग विशेष पंडाल बना कर प्रमुख पर्यटन सर्किट, स्थलों, हस्तशिल्प आदि को प्रदर्शित करेगा। इसका उद्देश्य प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व धार्मिक विरासत का प्रचार-प्रसार करना है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की इस पहल की शुरुआत दुबई में अरेबियन ट्रैवल मार्केट (एटीएम) से होने जा रही है।

सरकार इलेक्ट्रिक बसों से कराएगी धार्मिक यात्रा

प्रदेश सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों से धार्मिक शहरों की यात्रा कराएगी। धर्मनगरी काशी, तीर्थराज प्रयागराज, रामलला की जन्मस्थली अयोध्या और सोनभद्र का सफर इलेक्ट्रिक एसी बसों से होगा। इसे देखते हुए योगी सरकार वाराणसी और सोनभद्र में चार्जिंग स्टेशन बनवा रही है। प्रयागराज रीजन और अयोध्या रीजन से वाराणसी और सोनभद्र के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है। इसके लिए पांच चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं।